फर्द अहकाम

राजस्व - पत्रावली

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कुम्भलगढ़ जिला-राजसमन्द

25 सन् 2015 किस्म मुकदमा प्रार्थना

भेरूसिंह बनाम सरकार

आदेशिका	हस्ताक्षर / सूचना
25/7 पत्रावली राजस्व लोक अदालत "न्याय आपके द्वार" अभियान-2017 कैम्प कोर्ट अरावली सेवा केन्द्र जयपुर पर रखने से अवगत हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित है। बहस सुनी गयी पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से सिद्ध है कि ग्राम मोपणा की आराजी नम्बर 592 एवं 601/2 रकबा क्रमशः 0-01-10 0-05-00 हेक्टेयर प्रार्थी एवं अन्य सह खातेदारों के संयुक्त अधिपत्य की है। जिससे सीमांकन एवं पटपरगदी किये जाने आदेश दिया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिया जाता है कि उक्त भूमि का सीमांकन किया जाकर नियमानुसार पटपरगदी की कार्यवाही की जावे। तहसीलदार कुम्भलगढ़ सीमांकन करा नियमानुसार पटपरगदी करावे। तदनुसार तहसीलदार कुम्भलगढ़ को लिखा जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर खारिज हो। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।	